DATE :- 05-08-2026

RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-04, SURAT

## सारोली से भेसान कॉरिडोर पर 86 मीटर लंबा स्टील ढांचा स्थापित

# सूरत मेट्रो रेल: रघुकुल मार्केट के पास 900 टन वजनी 'ओपन वेब गर्डर' लॉन्च

**सूरत** @ पत्रिका. सूरत मेट्रो रेल परियोजना के फेज-एक के तहत कॉरिडोर-दो पर मंगलवार को सिविल इंजीनियरिंग का एक जटिल और महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ। सारोली से भेसान के बीच पैकेज सीएस-06 के अंतर्गत रघुकुल मार्केट के पास पिलर संख्या पी 564 से पी 565 के बीच 86 मीटर लंबे विशालकाय 'ओपन वेब गर्डर' (ओडब्ल्यूजी) की सफल लॉन्चिंग की गई। यह लाइन-दो पर लगाया गया, अब तक का सबसे लंबा और भारी स्टील गर्डर है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, ओडब्ल्यूजी एक विशेष जालीदार संरचना वाला स्टील गर्डर होता है। इसका उपयोग ऐसे व्यस्त चौराहों, बाजारों या रेलवे लाइनों के ऊपर



ओपन वेब गर्डर की सफल लॉन्चिंग।

किया जाता है, जहां नीचे यातायात बाधित किए बिना और बीच में कोई अतिरिक्त पिलर बनाए बिना लंबा स्पैन तैयार करना होता है। इसकी खुली बनावट इसे बेहद मजबूत और संतुलित बनाती है। यह निर्माण कार्य पैकेज सीएस-06 के तहत पूरा किया गया, जिसमें मजूरा गेट से सारोली डेड एंड तक 8.102 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड वायाडक्ट और 7 एलिवेटेड स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। इस लॉन्चिंग के बाद कॉरिडोर-2 के निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

**गर्डर का कुल वजन 150 एशियाई हाथियों या 180 एसयूवी कारों के बराबर:** इस विशाल स्टील गर्डर का कुल वजन लगभग 900 टन है। इस भारी संरचना के वजन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह लगभग 150 एशियाई हाथियों या 180 एसयूवी कारों के कुल वजन के बराबर है।